## संक्षिप्त

### विष्णु सोशल मीडिया प्रभारी नियुक्त



**लालसोट, (निसं)।** राष्ट्रीय फुले ब्रिगेड के राष्ट्रीय संयोजक चंद्र प्रकाश सैनी की सहमति से विष्णु कुमार सैनी रामसर लक्रको राजस्थान प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी पद पर नियुक्त किया गया है। सैनी पूर्व में सोशल मीडिया से जुड़े हुए हैं एवं लगातार समाज के हित में कार्य करते रहे हैं। उन्हें उनकी समाज के प्रति काम करने की लगन निष्ठा को देखते हुए उन्हें प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी पर नियुक्त किया गया है।

### गुणी वाले हनुमानजी का मेला आज

**नारायणपुर, (निसं)।** उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत मुण्डावरा में स्थित तपोस्थली तालवृक्ष में गुणी वाले हनुमानजी महाराज का विशाल मेला और वार्षिक उत्सव 5 फ़रवरी रविवार को बडी धूमधाम से आयोजित किया जायेगा। मेले के दौरान पुजारी छाजूराम शर्मा, हेतराम शर्मा, कमलेश शर्मा, मुकेश शर्मा द्वारा बालाजी महाराज की भव्य श्रृंगार झांकी सजाई जाएगी और सुबह 11 बजे से स्थानीय कलाकार जयराम ठेकला एवं साथी कलाकारों द्वारा दिनभर भजन-सत्संग का कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। जिसमे आसपास क्षेत्र के श्रोतागण पहुंचेंगे।

### नरैना थानाधिकारी का सम्मान किया

**नरैना, (निसं)।** कस्बे के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शनिवार को नये थानाधिकारी के पदस्थापित होने पर सम्मान किया गया। जयपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक द्वारा किये गये तबादलों में मौजमाबाद थानाधिकारी जयप्रकाश चौधरी को नरैना थानाधिकारी के पद पर लगाया है। इस अवसर पर कांग्रेसी कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों ने थाना परिसर पहुंचकर थानाधिकारी का माला व साफा पहनाकर स्वागत किया।

### जन्मदिन पर फल वितरण किये

**फुलेरा, (निसं)।** फुलेरा विधानसभा के जनसेवक किसान नेता विद्याधर सिंह चौधरी का कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केक काटकर एवं फल वितरण कर जन्मदिन मनाया। भूतपूर्व सैनिक कमेटी के अध्यक्ष मनोज कुलहरी के दिशा निर्देश के अनुसार यूथ कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश कुमार सेन के सानिध्य में जरुरतमंदों को फल वितरित किये।

# ट्रक चालक की हत्या के छह आरोपी गिरफ्तार



मेहन्दवास थाना पुलिस ने हत्या के छह आरोपियों को गिरफ्तार किया।

**टोंक, (निसं)।** थाना मेहन्दवास पुलिस ने करीब एक पखवाड़े पूर्व ढाबे पर बैठे ट्रक चालक से कुर्सी पर बैठने के विवाद को लेकर मारपीट कर उसकी हत्या के आरोपियों की पहचान कर छह आरोपियों को डिटेन कर पूछताछ के बाद सभी को गिरफ्तार किया गया है।

22 जनवरी को सूचना मिली कि एनएच 52 अहमदपुरा चौकी के सामने स्थित एक ढाबे पर अज्ञात कार सवार ट्रक चालक व उसके साथी के साथ मारपीट कर रहे है जिसपर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पीड़ितों को

- ढाबे पर बैठे ट्रक चालक पर हमला कर फरार हो गये थे आरोपी

अस्पताल पहुंचाया, जहां पर गोपाल गुर्जर को चिकित्सकों द्वारा मृत घोषित कर दिया। उक्त घटना के संबंध में ट्रक चालक भरतराज पुत्र लालाराम गुर्जर (36) साल निवासी संथली थाना दूनी जिला टोंक के पर्चा बयान में बताया कि 22 जनवरी को परिवादी व मृतक सुबह टोंक से ट्रक का काम करवाकर ट्रक को लेकर रात को टोंक से देवली जाने वाली साईड एन एच 52 स्थित होटल पर चाय पीने चले गये। इतने में एक सफेद रंग की कार में जिसमें सवार 7-8 आदमी आये और आते ही गोपाल गुर्जर के साथ बिना वजह मारपीट कर बेहोश कर दिया तथा मेरे साथ भी मारपीट कर दी।

प्रकरण की गंभीरता व मर्डर का खुलासा करने के लिये पुलिस टीम गठित की गई। टीम द्वारा हत्यारों की पहचान कर बीती देर शाम उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने शेषपाल पुत्र नारायण गुर्जर (28), निवासी मात्रा रोड वार्ड नम्बर 23 केशवराय पाटन जिला बून्दी, भंवरमेघवाल पुत्र धन्नालाल मेघवाल (31) निवासी कच्ची बस्ती केशवराय पाटन, मुकुट बिहारी पुत्र कन्हैयालाल बैरवा (27) निवासी इन्द्रपुरिया थाना केशवराय पाटन बून्दी, नीरज उर्फ नारंग पुत्र स्व. बाबूलाल खटीक (29) निवासी मात्रा रोड वार्ड नम्बर 21 केशवराय पाटन बून्दी व नरेश पुत्र गजानन्द मेघवाल (39) निवासी करिरिया की झोपडिया थाना कापरेन बून्दी को कोटा से डिटेन कर गहनता से पूछताछ की गई तो पूछताछ में उक्त आरोपीयान ने मामूली कहासुनी के चलते मर्डर को अन्जाम देना स्वीकार किया।

## भाजपा जिला कार्य समिति की बैठक

**टोंक, (निसं)।** भारतीय जनता पार्टी टोंक जिला कार्यसमिति की शनिवार को अग्रवाल धर्मशाला टोंक में बैठक आयोजित हुई। बैठक में मुख्य वक्ता भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष माधोराम चौधरी व अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष राजेन्द्र पराणा ने की।

कार्यसमिति में सम्पन्न हुए कार्यक्रमों की समीक्षा व आगामी कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुये प्रदेश उपाध्यक्ष माधोराम चौधरी ने कहा कि चुनाव में अब कम समय बचा है तथा सभी पदाधिकारियों को सक्रिय होकर पार्टी के बताए हुए सभी कार्यक्रमों को जल्द से जल्द पूरा करना है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में व्याप्त जंगलराज एवं कुशासन, इस कांग्रेस सरकार के काल में ध्वस्त कानून व्यवस्था इन सभी विषयों को लेकर विशेष संपर्क अभियान के तहत बूथ एवं पन्ना प्रमुख तक जाकर आमजन को सरकार की नाकामियों के बारे में बताया जाए।

साथ ही केंद्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की आमजन को जानकारी दी जाये। इस माके पर जिला प्रभारी अशोक सैनी, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेन्द्र पराणा, जिला प्रमुख सरोज बंसल, पूर्व जिलाध्यक्ष सतीश चंदेल, सत्यनारायण चौधरी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य लक्ष्मी जैन, भाजयुमो प्रदेश महामंत्री चंद्रवीर सिंह, जिला महामंत्री विष्णु शर्मा, विस्तारक विकास, अमित, जयवीर, पूर्व विधायक राजेन्द्र गुर्जर, अजीत सिंह मेहता सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सार-समाचार

### वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया

**कोटपूतली, (निसं)।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम हांसियावास स्थित बाबा भोमियां की बणी में श्री भोमियां बाबा व गुरू गोरखनाथ जी महाराज का वार्षिकोत्सव समारोह शनिवार को बड़े ही धूमधाम के साथ आयोजित हुआ। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करते हुए पूर्व संसदीय सचिव रामस्वरूप कसाना ने भामाशाह रिछपाल सरपंच पुत्र भुराराम मुकदम द्वारा बनाये गये मंदिर के मुख्य द्वार का भी उद्घाटन किया। इस मौके पर कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कसाना ने कहा कि वही समाज प्रगति करता है जहां विभिन्न जाति, धर्म व वर्ग के लोगों के बीच आपसी सहयोग व समरसता हो, इसी सहयोग से लोक कल्याण का मार्ग भी प्रशस्त हो सकता है। इस दौरान आयोजित भण्डारे में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने पंगत प्रसादी ग्रहण की। साथ ही प्रहलाद महासी व रामसिंह महासी एण्ड पार्टी द्वारा आकर्षक नेहड़ा कार्यक्रम की प्रस्तुतियां भी दी गई। फुटा जोहड़ा धाम के महंत बाबा बलराम दास जी महाराज ने आर्शीवचन कहे।

### बाबा श्याम मेले की तैयारी बैठक

**खाटूश्यामजी, (निसं)।** कस्बे में प्रसिद्ध बाबा श्याम के 22 फरवरी से 4 मार्च तक आयोजित होने वाले वार्षिक फाल्गुनी सतरंगी मेले में सुरक्षा की कमान संभालने वाले, मंदिर के पट खुलने से पहले ही करीब 1100 होमगाड्र्स, आरएसी, पुलिस व सिक्योरिटी गाड्र्स के जवान खाटू धाम पहुंचने पर एएसपी रतनलाल भार्गव ने बैठक लेकर जवानों को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए। साथ ही कहा कि सभी जवान मेले के दौरान ड्यूटी को ईमानदार से करेंगे। बाबा श्याम की नगरी में एक अनोखी ड्यूटी है जो कि श्रद्धालुओं की सेवा करना है। कस्बे की सुरक्षा की कमान संभाल कर व्यवस्थाओं को ध्यान में रखते हुए रविवार सुबह से ही ड्यूटी पॉइंट पर लगाया जाएगा। एएसपी भार्गव ने कहा कि अभी मंदिर के पट खुलने में समय है लेकिन सुरक्षा की दृष्टि से जाब्ता तैनात करना जरूरी है। एडिशनल एसपी ने कहा कि आरएसी व पुलिस के जवानों की 2 पारियों में 12-12 घंटे की ड्यूटी होगी और होमगार्ड की 8 घंटे की ड्यूटी के हिसाब से 3 पारियां बनाई गई है।

### भामाशाहों का सम्मान

**खैरथल, (निसं)।** राजस्थान किसान आयोग के उपाध्यक्ष एवं विधायक दीपचंद खैरिया ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में किया गया दान सर्वश्रेष्ठ होता है। वे राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय में आयोजित वार्षिकोत्सव में भामाशाह सम्मान एवं पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए बोल रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता गोपाल लाल जाट संभागीय संस्कृत शिक्षाधिकारी जयपुर संभाग ने की उन्होंने कहा कि खैरथल के संस्कृत विद्यालय का पूरे प्रदेश में नाम है। संभागीय शिक्षाधिकारी ने अपना संबोधन काव्यात्मक शैली में प्रस्तुत किया। उन्होंने भामाशाह ओमप्रकाश गुप्ता बघेरी वाले द्वारा 5 लाख की लागत से कक्षा कक्ष निर्माण कार्य का उद्घाटन किया। विधायक एवं संभागीय शिक्षाधिकारी ने भामाशाह ओप्रकाश गुप्ता के साथ ही योगेश गुप्ता जिन्होंने अपने स्वर्गीय माता पिता की स्मृति में विद्यालय में एक कक्षा कक्ष मय बरामदे का निर्माण करवाया है का भी भामाशाह सम्मान शॉल, साफा व स्मृति चिह्न भेंटकर किया।

### 84 बीमार पशुओं का इलाज किया

**चौमूं, (निसं)।** एमजेएफ वेटरनरी कॉलेज एंड हॉस्पिटल की ओर से शनिवार को चौमूं विधानसभा के ग्राम पंचायत अणतपुरा - चिमनपुरा में बेजुबान पशुओं की सेवार्थ के लिए नि:शुल्क पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन एमजेएफ ग्रुप के चेयरपर्सन कैलाश राज सैनी के सानिध्य में लगाया गया। शिविर में अणतपुरा - चिमनपुरा सरपंच बद्री प्रसाद यादव ने बताया कि 8 वर्षों से हर गांव - गांव ढाणी- ढाणी में निशुल्क पशु चिकित्सा शिविर लगाकर पशु सेवा का कार्य कर रहे हैं। ग्राम पंचायत की ओर से कैलाश राज सैनी को साधुवाद देना चाहता हूं। शिविर में पशु चिकित्सक डॉ. अमर सिंह सैनी, डॉ. दिलीप मीणा व पशुधन सहायक सुरज्ञान शेरावत ने शिविर में चर्मरोग, फोड़ा, गर्भावस्था निदान, घाव, साधारण अपच, सूजन, लंगड़ापन, बांझपन, टिक संक्रमण, एनिस्ट्रस , चर्म रोग पेट रोग , डारिया आदि अन्य बीमारियों से ग्रस्त करीब 84 बीमार पशुओं का इलाज कर उनको दवा दी।

### लोक अदालत से पूर्व प्री काउंसलिंग

**राजगढ़, (निसं)।** न्यायालय मोटर वाहन दुर्घटना दवा प्राधिकरण राजगढ़ में तालुका विधिक सेवा समिति की ओर से राष्ट्रीय लोक अदालत से पूर्व प्री काउंसलिंग का आयोजन हुआ। इसमें 37 लाख 16 हजार के अवार्ड आपसी सहमति एवं समझाइश से हुए। जिला एवं सेशन न्यायाधीश हरेंद्र सिंह के निर्देशन में अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश पवन अग्रवाल की मौजूदगी में प्री काउंसलिंग का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बीमा कंपनियों के अधिवक्ता, पक्षकारान के अधिवक्ता एवं पक्षकार मौजूद रहे। 11 फरवरी को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत मैं भी इस तरह के अवार्ड पारित होंगे।

### डेरा सच्चा सौदा का सफाई अभियान

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** कस्बे में डेरा सच्चा सौदा की ओर से शनिवार को सफाई महाअभियान का आयोजन किया गया। डेरा सच्चा सौदा के प्रतिनिधि नारायण लाल इंसा, चंदन इंसा, दिनेश इंसा, मदन इंसा ने बताया कि सफाई अभियान की शुरुआत श्रीमाधोपुर के चौपड़ बाजार से प्रात: 10 बजे की। इसके बाद अस्पताल चौराहा ,जीणमाता मंदिर, सीकर बाजार ,खंडेला बाजार, सुरानी बाजार होते हुए वापस चौपड़ बाजार पहुंचे जिसके बाद लंगर प्रसाद वितरण किया गया। वहीं लोगों को संदेश दिया गया कि कि अपने घरों व आम रास्तों में साफ सफाई रखें। कस्बे वासियों ने इस कार्यक्रम की सराहना की हैं।

### ज्वैलर्स लूट के विरोध में प्रदर्शन

**बहरोड़/नीमराना, (निसं)।** नीमराना के कृष्णा टावर के समीप आर टैक मोल के ज्वैलर्स व्यवसायी के साथ शुक्रवार शाम को हुई हथियारों की नोक पर लूट के मामले में शनिवार को व्यवसायियों सहित जनप्रतिनिधियों ने धरना प्रदर्शन किया। सरपंच संघ प्रदेश महासचिव पंडित वीरेंद्र भारद्वाज की मौजूदगी व अलवर जिला प्रमुख बलवीर छिल्लर, विधायक मनजीत चौधरी मुंडावर व अलवर सांसद बालक नाथ के भी धरने पर बैठने से पुलिस द्वारा उसी पुराने अंदाज में आश्वासन देने वाली बात सामने आने से धरना समाप्त किया गया।

## मालपुरा में बढ़ती चोरियों को रोकने की मांग

**मालपुरा, (निसं)।** मालपुरा शहर सहित वृत्त क्षेत्र के चारों थाना क्षेत्रों में बीते एक साल से लगातार एक के बाद एक हो रही चोरियों पर अंकुश लगाने व आरोपियों की गिरफ्तारी के बजाय थाना पुलिस द्वारा अपनी नाकामियों पर चुप्पी साद लेने से चोरों के बढ़ते हौसलों के विरोध में शनिवार को जैन युवा परिषद व व्यापारियों ने विरोध प्रदर्शन कर डीवाईएसपी को ज्ञापन सौंपा।

- व्यापारियों ने विरोध प्रदर्शन कर डीवाईएसपी को ज्ञापन सौंपा
- खुलासा नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी

भाजपा मंडल अध्यक्ष त्रिलोक चन्द जैन, युवा परिषद के मनीष जैन टोरडी, शुभम, महावीर, भागचन्द गनवरिया, कमल जैन, ज्ञानचन्द अग्रवाल, मनीष, प्रदीप व मुकेश संदेडा, जीतु सुराशाही, जयंत जालान सहित बड़ी संख्या में एकत्रित व्यापारी व जैन युवा परिषद के लोगों ने मुख्य बाजार से मौन जूलूस निकाल प्रशासन के विरूद्ध प्रदर्शन किया। सौंपे ज्ञापन में बताया कि 25 जनवरी को शहर के घनी आबादी के बीच कायस्त मौहल्ला निवासी प्रदीप ठेग्या के मकान के ताले तोड 15 लाख से अधिक की नगदी व आभुषण चोरी की वारदात होने व मौके से फिंगर प्रिन्ट सहित साक्ष्य जुटाये जाने के बावजूद दस दिन बाद भी ना तो वारदात का खुलासा हुआ और ना ही चोरों की गिरफतारी हुई है। इतना ही नहीं पहले हुई दर्जनों चोरी की वारदातों के बावजूद पुलिस के रात्री गश्त में ना तो कोई सुधार हुआ और ना ही एक भी वारदात का खुलासा व चोरों की गिरफ्तारी नहीं होने से चोरों के हौसले बुलंद हैं।

पुलिस की इस लचर व्यवस्था के चलते आमजन व व्यापारियो मे सुरक्षा को लेकर दहशत व्याप्त है। जल्द चोरी की वारदातो का खुलासा कर चोरो की गिरफतारी व चुराये गये आभुषण व नगदी बरामद नही होने पर आंदोलन की चेतावनी दी।

## नगरपालिका बनाने की मांग पर फागी बन्द रहा



फागी को नगरपालिका बनाने के आव्हान पर कस्बा बंद रखकर हस्ताक्षर अभियान चलाया।

**फागी, (निसं)।** कस्बे को नगरपालिका बनाने के आव्हान पर शनिवार को फागी कस्बा बंद रहकर हस्ताक्षर अभियान चलाया गया।

कस्बे के आजाद विचार क्रान्ति मंच के तत्वावधान में फागी को नगरपालिका बनाने के अभियान के तहत हस्ताक्षर अभियान से प्रारम्भ हुआ। प्रात 10 बजे संजय पार्क में सैंकड़ों कस्बेवासी एवं प्रबुद्धजनों की मौजूदगी में हस्ताक्षर करते हुए मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया गया।

आयोजित सभा को सम्बोधित करते हुए मंच के अध्यक्ष एडवोकट राजेन्द्र सोयल ने कहा कि प्रत्येक कस्बेवासी को कंधे से कंधा मिलाकर इस अभियान के लिए हमेशा तैयार रहे तो स्वर्णकार समाज के अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण सोनी ने कहा कि विगत आठ वर्षों से नगरपालिका की मांग की जा रही है।

फागी नगरपालिका बनाने की सभी अहर्ताएं पूरी करता है। किन्तु सरकार इस ओर ध्यान नहीं दे रही है। वही मंच के उपाध्यक्ष अवधेष जोषी ने जोषीले तरीके से फागी को नगरपालिका बनाने की पुरजोर मांग करते हुए युवाओं को एकजुट होकर तैयार रहने को कहा। हस्ताक्षर अभियान में युवा सुरेन्द्र गुर्जर ने अपने खून से हस्ताक्षर करते हुए क्रान्ति मंच के इस आव्हाहन को आगे बढाया। कस्बे के व्यापार मण्डल, दी बार एशोसिएसन, क्षौरकार संघ, स्वर्णकार संघ, अग्रवाल युवा परिषद, अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ, अमरनाथ मित्र मण्डल, सालासर बालाजी मित्र मंडल सहित विभिन्न संगठनों ने सहयोग किया जिससे तहत आज फागी कस्बा बंद रहा।

## सांभर में ख्वाजा साहब का 704 वां उर्स परवान चढ़ा

**सांभरझील, (निसं)।** यहां पुरानी धानमंडी स्थित ख्वाजा हुसामुद्दीन चिश्ती जिगर सोख्ता रहमतुल्लाह अलेह का 704 वां उर्स शुरू होने के साथ जायरिनों का तांता लगा हुआ है।

उर्स के मौके पर चांद की तारीख 12 रजब को हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी हजरत आशिक अली बाबा सांभर के यहां से बैंड बाजे के साथ चादर का जुलूस निकाला गया। अब्दुल सईद ने बताया कि हजरत आशिक अली बाबा की दरगाह से चादर का जुलूस मुख्य रास्तों से होते हुए दरगाह शरीफ पहुंचा जहां ख्वाजा साहब की मजार पर चादर पेश की गई। चादर के जुलूस में लियाकत अली बाबा, मोहसिन खान, मोहम्मद यूसुफ, मंजूर अली, रहमत आपा अनेक लोग शामिल हुए। इससे पहले अजमेर दरगाह के सज्जादानशीन दीवान सैयद जैनुल आबेदीन अली खान के जानशीन उतराधिकारी सैयद नसीरुद्दीन चिश्ती उर्स की पारंपरिक रस्मों के लिए सांभर पहुंचे जहां पर न्यू मार्केट स्थित वाइस चेयरमैन नवल किशोर सोनी, अब्दुल हमीद कादिर, फुलेरा के गोरीशंकर सैनी, अयूब खान की मौजूदगी में उनका इस्तकबाल किया गया। अंजुमन हुस्सामिया दरगाह कमेटी की तरफ से भी उनका इस्तकबाल किया। दरगाह दीवान की सदारत में उर्स की पहली महफिल हुई महफिल के दौरान मध्यरात्रि को उनकी तरफ से मजार शरीफ को पहला गुसल दिया गया और देश में अमन चैन की दुआ की गई।

## सुरक्षा सखी, सीएलजी सदस्यों की बैठक

**पावटा, (निसं)।** प्रागपुरा थाना पुलिस द्वारा साइबर अपराध की रोकथाम एवं सोशल मीडिया पर महिलाओं की सुरक्षा को लेकर सुरक्षा सखी, सीएलजी सदस्यों की बैठक का आयोजन शनिवार दोपहर थानाधिकारी किरण सिंह यादव की अध्यक्षता में किया गया।

इस दौरान सामाजिक कार्यकर्ता रवि शर्मा ने बताया कि महिला सुरक्षा सखियों की जनसुनवाई एवं उनके द्वारा बताई गई समस्याओं का समाधान किया गया व पुलिस से जुड़ी हुई सहायता संबंधित जानकारी, साइबर संबंधित, गांव में होने वाली किसी भी प्रकार की अपराधिक गतिविधियों की जानकारी पुलिस को देने सबंधित अवगत कराया गया। महिला सुरक्षा सखी के द्वारा किए जा रहे सराहनीय कार्यों की प्रशंसा भी की।

## विधायक बैरवा ने कई कार्यक्रमों में भाग लिया

**निवाई, (निसं)।** ग्राम पंचायत राहोली में विधायक प्रशांत बैरवा ने शनिवार को विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लिया। इस दौरान आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए विधायक बैरवा ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र के चहुंमुखी विकास के लिए मुख्यमंत्री ने सभी विकास कार्य के आयाम स्थापित किये हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री आने वाले बजट में क्षेत्र की जनता की मांग पर बडी घोषणाएं कर क्षेत्रवासियों को लाभान्वित किया जा सकता है।

- विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया

इस दौरान विधायक प्रशांत बैरवा ने राजकीय प्राथमिक विद्यालय अंबेडकर कॉलोनी में कक्षा कक्ष का लोकार्पण किया। इसी प्रकार विधायक प्रशांत बैरवा राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय नगर में आयोजित वार्षिकोत्सव में प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानित किया।

इस दौरान राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय राहोली में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।

इसके बाद राजकीय महात्मा गांधी विद्यालय के लोकार्पण कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच फूला देवी मीणा ने की।

## करंट लगने से युवक की मौत

**मालपुरा, (निसं)।** मालपुरा उपखण्ड क्षेत्र के डिग्गी थानान्तर्गत लावा ग्राम पंचायत के हजारीपुरा गांव में शनिवार को 11 केवी विद्युत लाइन की चपेट में आ जाने से एक युवक की मौत हो गई तो दूसरा गंभीर घायल हो गया जिसे डिग्गी अस्पताल से टोंक रैफर किया गया। मिली जानकारी में सामने आया कि लावा निवासी सद्दाम पुत्र इस्माईल व अशरफ पुत्र अजीज खां शनिवार को हजारीपुरा गांव में गोपी रेगर के मकान पर लौहे के टीनशेड लगा रहे थे। इसी दौरान मकान के ऊपर से गुजर रही 11 केवी विद्युत लाइन की चपेट में आ जाने से दोनों युवक जुलुस घायल हो गये। दोनों घायलों को डिग्गी अस्पताल लाया गया जहां स्वास्थ्य परीक्षण कर सद्दाम को मृत घोषित किया तथा अशरफ को टोंक रैफर किया गया।

# बौंली आगमन पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का जगह-जगह भव्य स्वागत



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया ने बौंली में सवाई माधोपुर जिला कार्यसमिति की बैठक को संबोधित किया।

**बौंली, (निसं)।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर सतीश पूनिया ने शनिवार को बौंली उपखंड मुख्यालय पर पहुंचकर भारतीय जनता पार्टी की सवाई माधोपुर जिला कार्यसमिति की बैठक को खेड़ापति बड़े बालाजी के सामने श्याम वाटिका में संबोधित किया।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पूनिया के बौंली- बामनवास विधानसभा क्षेत्र में शनिवार को आने पर अनेकों स्थानों पर भव्य स्वागत किया गया। बौंली दौरे के दौरान प्रदेश अध्यक्ष ने टोरड़ा देवनारायण मंदिर पर किसान मोर्चा व भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। इसके बाद प्रदेश अध्यक्ष का काफिला बौंली- निवाई सड़क मार्ग से होता हुआ अनेकों जगह स्वागत के बाद सभा स्थल खेड़ापति बड़े बालाजी के सामने श्याम वाटिका पर पहुंचा।

प्रदेश अध्यक्ष ने भाजपा जिला कार्यसमिति की बैठक को संबोधित करते हुए केंद्र सरकार द्वारा बजट में किसानों के लिए सवा लाख करोड़ रूपए की घोषणा, अटल बिहारी वाजपेई द्वारा चलाई गई ग्राम सड़क योजना व सैन्य बजट सहित अनेकों जन कल्याणकारी योजनाओं को भाजपा शासनकाल का एक महत्वपूर्ण जनमानस के लिए कार्य बताया। वहीं राजस्थान सरकार की किसान कर्ज माफी, बढ़ते अपराध व पेपर लीक मामले को लेकर आलोचना की।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं को 12 फरवरी को दौसा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे के उद्घाटन समारोह में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की एवं आगामी चुनाव में भाजपा की सरकार निश्चित बनने का संकेत दिया।

- पूनिया ने जिला कार्यसमिति की बैठक में भाग लिया

भाजपा सवाई माधोपुर जिला कार्यसमिति की बैठक में टोंक सवाई माधोपुर सांसद सुखबीर सिंह जौनपुरिया, दौसा सांसद जसकौर मीणा, भाजपा प्रदेश महामंत्री भजनलाल शर्मा, संभाग प्रभारी मुकेश दाधीच, सवाई माधोपुर जिला अध्यक्ष सुशील दीक्षित, बामनवास पूर्व प्रधान राजेंद्र मीणा, बौंली मंडल अध्यक्ष रामअवतार मीणा सहित अनेकों भाजपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता कार्यसमिति की बैठक में उपस्थित थे।

स्वागत समारोह व जुलूस के दौरान प्रदेश अध्यक्ष के सदर बाजार में अचानक पहुंचने पर सदर बाजार के व्यापारियों ने उनका भव्य स्वागत किया।

## कृषि महाविद्यालय भवन का शिलान्यास

**अलवर, (निसं) ।** पूर्व केन्द्रीय मंत्री भंवर जितेन्द्र सिंह एवं सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री टीकाराम जूली व मेवात विकास बोर्ड के अध्यक्ष जुबेर खान ने नौगांवा स्थित कृषि महाविद्यालय में 14 करोड 20 लाख रूपये की लागत से बनने वाले प्रशासनिक भवन, हॉस्टल व डीन ऑफिस की शिलाओं का भूमिपूजन कर शिलान्यास किया।

पूर्व केंद्रीय मंत्री सिंह ने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था में कृषि का महत्वपूर्ण है और इसको ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार ने किसान व कृषि को आधुनिक तकनीक से जोड़कर समृद्धि की ओर ले जाने के प्रसास किए हैं। उन्होंने कहा कि कृषि महाविद्यालय नई तकनीकों एवं अध्ययनों के माध्यम से किसानों की आय में वृद्धि करने का काम करता रहा है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री जूली ने कहा कि अलवर जिला मुख्यत: कृषि प्रधान रहा है। यहां इस कृषि महाविद्यालय से किसानों को सीधा लाभ होगा। मेवात विकास बोर्ड के अध्यक्ष जुबेर खान ने महाविद्यालय के विद्यार्थियों एवं उपस्थित किसानों को बधाई देते हुए कहा कि राज्य सरकार किसानों के कल्याण हेतु प्रतिबद्ध है।

# अग्निशमन कर्मियों ने मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा



विराटनगर नगरपालिका अग्निशमन कर्मियों ने विधायक इंद्राज गुर्जर (दाएं से दूसरे) को ज्ञापन सौंपा।

**पावटा, (निसं)।** विराटनगर नगरपालिका अग्निशमन कर्मियों ने अग्निशमन सेवा विराटनगर प्रभारी सुभाष गुर्जर के नेतृत्व में शनिवार को अपनी मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम अनुसूचित जनजाति चेयरमैन राजस्थान सरकार खिलाड़ी लाल बैरवा के मार्फत स्थानीय विधायक इंद्राज गुर्जर एवं शाहपुरा विधानसभा क्षेत्र प्रत्याशी रहे मनीष यादव को ज्ञापन सौंपा।

- वेतन विसंगति दूर करने, राजस्थान में फायर एक्ट लागू करने की प्रमुख मांगें

ज्ञापन सौंपते हुए अग्निशमन सेवा विराटनगर प्रभारी सुभाष गुर्जर ने बताया कि अग्निशमन केंद्रों पर हर समय आपातकाल सेवा में लगे कार्मिक पुलिस विभाग की तरह 24 घंटे अपनी ड्यूटी देते हैं। आपदा प्रबंधन में पुलिस प्रशासन के साथ कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करते हैं। समय-समय पर होने वाले वीआईपी मूवमेंट में भी पुलिस विभाग की तरह एस्कॉर्ट की सेवाएं भी देते हैं। इसके बावजूद अग्निशमन कार्मिकों को अल्प वेतन न्यूनतम ग्रेड- पे 2000 में ही संतोष करना पड़ रहा है। जबकि पुलिस विभाग का न्यूनतम ग्रेड-पे 2400 है। वहीं अग्निशमन कार्मिकों का पुलिस विभाग के समान ग्रेड-पे वेतन कर सभी भत्ते दिए जाकर वेतन विसंगति दूर करने, राजस्थान में फायर एक्ट लागू करने, फायरमैनों की समय-समय पर पदोन्नति करने की मांग की। जिस पर विधायक इंद्राज गुर्जर एवं शाहपुरा विधानसभा क्षेत्र प्रत्याशी रहे मनीष यादव ने अग्निशमन कार्मिको की मांगों को लेकर उन्हे आश्वस्त किया।